# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम-भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 01 / कैम्प–लखीमपुर / 01 दिनांक 12/09/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 12.09.2026 को प्रकाशित खबर "निघासन के बथुआ में 20 दिन से पानी सप्लाई ठपःजल जीवन मिशन की टंकी बनी शोपीस, 3 दिन में चालू करने का आश्वासन" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 12.09.2026 को प्रकाशित खबर "निघासन के बथुआ में 20 दिन से पानी सप्लाई ठपःजल जीवन मिशन की टंकी बनी शोपीस, 3 दिन में चालू करने का आश्वासन" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। अवशेष–1553 राजस्व ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत–904 पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु एजेन्सी मेसर्स एन०सी०सी० लि० एवं मेसर्स वी०टी०एल०–गाजा (जे०वी०) को सूचीबद्ध किया गया है, जिसके अन्तर्गत नलकूप–942 नग, पम्प हाउस–942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी०, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 11519 किमी०, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–547097 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1137 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–निघासन से सम्बन्धित हैं। जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि बथुआ पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य कार्यदायी एजेंसी मेसर्स वी०टी०एल० लिमिटेड द्वारा कराया गया है। वर्तमान में योजना सचांलन एवं अनुरक्षण चरण में है। जिसके अंतर्गत नलकूप–1 नग, पम्प हाउस–1 नग, वितरण प्रणाली 8.445 कि०मी०, शिरोपरि जलाशय 200 कि०ली०, स्टेजिंग 16 मी० व गृह जल संयोजन 478 नग प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप– 1 नग, पम्प हाउस–1 नग, वितरण प्रणाली 8.405 कि०मी० शिरोपरि जलाशय व गृह जल संयोजन 318 नग का कार्य पूर्ण है। उक्त खबर का संज्ञान लेकर जूनियर इंजीनियर श्री अंशू वर्मा द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि बथुआ पाइप पेयजल योजना में सोलर वायर चोरी हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित है जिस पर संबंधित फर्म मेसर्स वी०टी०एल० लिमिटेड के प्रतिनिधि श्री प्रियान्शू यादव (डी०पी०एम०) को शीघ्र अति शीघ्र नया सोलर वायर लगवाकर पुनः जलापूर्ति सुचारू रूप से प्रारंभ करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। उक्त कार्य (नया सोलर वायर) को खण्ड कार्यालय से सतत् अनुश्रवण कराते हुए जलापूर्ति शीघ्र अति शीघ्र बहाल कर ली जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

फोटोग्राफ–बथुआ पाइप पेयजल योजना






भवदीय

(इं० मनोज कुमार मौर्य)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
3. श्री प्रियान्शू यादव (डी०पी०एम०), मेसर्स० वी०टी०एल० लिमिटेड–गाजा, लखीमपुर खीरी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पाइप पेयजल योजना में शीघ्र अति शीघ्र सोलर वायर लगवाकर पुनः जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता